PUBLICATION NAME :	LN Star
EDITION :	Bhopal
DATE :	03/03/24
PAGE :	6

एमपी के बदरवास जैकेट क्लस्टर की महिला कारीगरों को विशेष प्रशिक्षण के माध्यम से सशक्त बना रहा ईडीआईआई

भोपाल। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) बड़े पैमाने पर मोदी जैकेट बनाने के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश के बदरवास जैकेट क्लस्टर की महिलाओं को विशेष कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। संस्थान ने क्षेत्र की महिलाओं को उनके कौशल को बढ़ाने और क्लस्टर में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक साधन और ज्ञान से लैस करने के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी), गांधीनगर के साथ साझेदारी की है। बदरवास जैकेट क्लस्टर, जैकेट तैयार करने और संबंधित गतिविधियों में लगे लोगों के एक मजबूत सेंटर के रूप में उभरा है। पारंपरिक औद्योगिक केंद्रों के विपरीत यह जैकेट क्लस्टर महिला कार्यबल के धैर्य और समर्पण से स्वाभाविक रूप से विकसित हुआ है। क्लस्टर की क्षमताओं को और बढ़ाने और जैकेट की बढ़ती मांग को पूरा करने की अनिवार्य आवश्यकता को पहचानते हुए भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने राष्ट्रीय ग्रामीण आर्थिक परिवर्तन परियोजना के तहत एक प्रोड्यूसर कंपनी को बढ़ावा दिया है, जिसका स्वामित्व और प्रबंधन बदरवास की महिला कारीगरों के हाथों में है। इस प्रकार उन्हें खुद की एक कंपनी का शेयरधारक बनने का अवसर हासिल हो रहा है। ईडीआईआई मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से इस क्लस्टर डवलपमेंट प्रोजेक्ट को कार्यान्वित कर रहा है।